# प्राकृतिक आपदाओं से निपटने टीम गठित

**अमित शाह ने बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय टीम भेजी हिमाचल**

**अचानक बाढ़ और भूस्खलन बढ़े**



**नई दिल्ली, 20 जुलाई. हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बहु-क्षेत्रीय केंद्रीय दल के गठन का निर्देश दिया है. गृह मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी.**

केंद्रीय दल में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे, एक भूविज्ञानी और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर के विशेषज्ञ शामिल हैं. केंद्रीय मंत्री का यह निर्देश हाल ही में हुई एक बैठक के बाद आया है, जिसमें उन्हें अवगत कराया गया था कि हिमाचल प्रदेश में बादल फटने, अचानक आई बाढ़, भूस्खलन और भारी बारिश की घटनाओं की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हुई है, जिससे बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान, बुनियादी ढांचे को क्षति, आजीविका का नुकसान और पर्यावरणीय गिरावट हुई है.

राज्य के विभिन्न हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून 2025 के दौरान बाढ़, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के मद्देनजर, केंद्र ने पहले ही एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल को अग्रिम रूप से नियुक्त कर दिया है, बिना उनके ज्ञापन का इंतजार किए, ताकि मौके पर नुकसान का प्रत्यक्ष आकलन किया जा सके. आई.एम.सी.टी. ने 18 जुलाई से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा शुरू कर दिया है और 21 जुलाई तक अपना दौरा जारी रखेंगे.इस दिशा में, केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने वर्ष 2023 के लिए बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने जैसी आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्प्राप्ति और पुनर्निर्माण के लिए हिमाचल प्रदेश को 2006.40 करोड़ रुपये के परिव्यय को पहले ही मंजूरी दे दी है, और इस वर्ष 7 जुलाई को 451.44 करोड़ रुपये की पहली किस्त भी जारी कर दी है. इसके अतिरिक्त, राज्य के प्रभावित लोगों का समर्थन करने के लिए, केंद्र सरकार ने 18 जून 2025 को तत्काल प्रकृति के राहत उपायों के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से हिमाचल प्रदेश को केंद्रीय हिस्से की 198.80 करोड़ रुपये की पहली किस्त पहले ही जारी कर दी है.केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश सहित सभी राज्यों को सभी प्रकार की साजो-सामान सहायता भी प्रदान की है, जिसमें राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की आवश्यक टीमों, सेना की टीमों और वायु सेना का समर्थन शामिल है. हिमाचल प्रदेश में बचाव और राहत कार्यों के लिए एन.डी.आर.एफ. की कुल 13 टीमें तैनात हैं.

> हिमाचल प्रदेश के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एस.डी.एम.ए.) के अनुसार, 20 जून को मानसून का मौसम शुरू होने के बाद से राज्य भर में लगभग 119 लोगों की जान चली गई है. राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एस.ई.ओ.सी.) द्वारा 19 जुलाई को जारी रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान हुआ है, जिसमें 146 सड़कें अभी भी अवरुद्ध हैं, 28 बिजली ट्रांसफार्मर सेवा से बाहर हैं, और 58 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं. 15 जुलाई को, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी केंद्रीय मंत्री शाह से मुलाकात कर राज्य में मानसून से हुए नुकसान से उन्हें अवगत कराया था, और केंद्रीय सहायता का अनुरोध किया था.

## रामसेतु पर कांग्रेस की दोहरी नीति छुप नहीं सकती

**जोधपुर, 20 जुलाई.** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा है कि रामसेतु जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीक पर कांग्रेस की दोहरी नीति अब ज्यादा दिनों तक छुप नहीं सकती.शेखावत ने रविवार को जोधपुर हवाई अड्डे पर मीडिया से बातचीत में यह बात कही.उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने केंद्र में रहते हुए जो एफिडेविट उच्चत्तम न्यायालय में रामसेतु के अस्तित्व को नकारते हुए दाखिल किया था, उस पर गहलोत और कांग्रेस पार्टी को देश को जवाब देना चाहिए.उन्होंने दो टूक कहा कि रामसेतु मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी की सोच और गहलोत के निजी विचारों में क्या अंतर है.यह भी देश के सामने स्पष्ट किया जाना चाहिए.उन्होंने एक सवाल पर कहा कि भाजपा, भगवान, भरोसा, भजनलाल, भाग्य और अच्छे जमाने, इन सबकी एक ही राशि है तथा कांग्रेस और काल की भी एक ही राशि हैं.

# चीन ने शुरू की विशाल जल परियोजना

## भारत की चिंताओं को नजरअंदाज कर निर्माण की शुरुआत



**बीजिंग, 20 जुलाई.चीन ने भारत की चिंताओं को दरकिनार करते हुए तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में यारलुंग सांगपो नदी के निचले इलाकों में लगभग 1.2 ट्रिलियन युआन (167.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर) लागत वाली जलविद्युत परियोजना का निर्माण आधिकारिक तौर पर शुरू कर दिया है.चीनी परिषद ने अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी है.**

परिषद के बयान में कहा गया है चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने शनिवार को यारलुंग ज़ंगबो नदी के निचले इलाकों में एक जलविद्युत परियोजना के निर्माण की शुरुआत की घोषणा की.इस परियोजना में पाँच कैस्केड जलविद्युत संयंत्र शामिल होंगे, जिनकी कुल लागत लगभग 1.2 ट्रिलियन युआन होने का अनुमान है. इस परियोजना से बनने वाली बिजली का इस्तेमाल मुख्य रूप से बाहरी खपत के साथ-साथ तिब्बत में स्थानीय मांग लिए भी किया जाएगा.इस जलविद्युत परियोजना का निर्माण कार्य चाइना याजियांग ग्रुप कंपनी कर रही है जो परियोजना के पूरा होने के बाद इसका संचालन भी करेगी. इस समय दुनिया का सबसे बड़ा जलविद्युत संयंत्र मध्य चीन के हुबेई प्रांत में यांग्त्ज़ी नदी पर स्थित सैंक्सिया माना जाता है. सैंक्सिया जलविद्युत संयंत्र की डिज़ाइन क्षमता 22.4 मिलियन किलोवाट है, और इसका निर्माण अक्टूबर 2008 में पूरा हुआ था.

**भारत इस परियोजना का कर रहा विरोध**

इस परियोजना के निर्माण की आधिकारिक शुरुआत से पहले भारत ने अपनी चिंता जता दी थी और इस वर्ष जनवरी की शुरुआत में, भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा था कि तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा जलविद्युत स्टेशन बनाने की चीन की योजनाओं पर भारत नज़र रख रहा है. भारत ने चीन से आग्रह किया था कि वह ऐसी परियोजनाओं का निर्माण करते समय भारत और अन्य देशों के हितों का भी ख्याल रखे. भारत इस परियोजना का इस लिहाज से भी विरोध कर रहा है क्योंकि इसमें एक बांध तिब्बत पठार के पूर्वी छोर पर हिमालय की विशाल घाटी में बनाया जाएगा.


## 11 किलोग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया,20 जुलाई.** बिहार में पश्चिमी चंपारण जिले के भंगहा थाना क्षेत्र से सशस्त्र सीमा बल ने 11 किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया.एसएसबी सूत्रों ने रविवार को बताया कि भंगहा थाना क्षेत्र के नगरदेही के सीमा स्तम्भ संख्या 423/7 के समीप बल के जवानों ने बाइक सवार एक व्यक्ति को संदिग्ध स्थिति में नेपाल से भारतीय सीमा में प्रवेश करते हुये रोका. इसके बाद उक्त व्यक्ति के बाईक पर रखी एक बोरी की तलाशी ली. बोरी से 11.05 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया. इसके बाद उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया.

# बिहार का युवा भाषण नहीं रोजगार चाहता है

**रोजगार मेले में उमड़ी भीड़ पर राहुल का सरकार पर हमला**

**भाजपा-नीतीश सरकार पर राहुल का हमला**



**नयी दिल्ली 20 जुलाई.कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार में एक रोजगार मेले में उमड़ी बेरोजगार युवकों की भारी भीड़ को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर हमला करते हुए कहा कि बिहार के युवा अब लच्छेदार बातों की फेर में आने वाले नहीं है बल्कि उन्हें रोजगार की गारंटी चाहिए और यह काम कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन ही कर सकता है.**

गांधी ने कहा कि बेरोजगार युवकों यह भीड़ बताती है कि बिहार के काबिल युवाओं के लिए सरकार रोजगार मुहैया नहीं कराई पा रही है. बिहार का युवा भाषण नहीं रोजगार चाहता है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार उन्हें रोजगार देने में विफल रही है.उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा महारोज़गार मेला में उमड़ा यह जनसैलाब सिर्फ़ एक भीड़ नहीं, एक संदेश है कि बिहार का युवा अब भाषणों पर नहीं, रोज़गार से अपना भविष्य चाहता है.

उन्होंने कहा हमारा फ़ोकस साफ़ है – हुनर को हक़, हर युवा को रोज़गार, रुके पलायन, साथ रहे हर परिवार.इसी रास्ते बनेगा एक समृद्ध बिहार.

> भाजपा और नीतीश सरकार ने बिहार को जिस तरह बेरोज़गारी की आग में झोंका, वहां से लाखों युवाओं को रोज़ी-रोटी के लिए पलायन करना पड़ता है अपना गांव, अपना परिवारज्सब कुछ पीछे छोड़ना पड़ता है. बिहार के युवा कर्मठ हैं, काबिल हैं, होनहार हैं –उनकी ज़रूरत बस स्थानीय और सम्माननीय रोज़गार है.गांधी ने कहा कि अब बदलाव की शुरुआत हो चुकी है. कांग्रेस और इंडिया गठबंधन सिर्फ़ आश्वासन नहीं, समाधान लेकर आया है.

# बिहार बना निवेश का नया हॉटस्पॉट

## नीतीश सरकार की नीतियों से निवेश और स्टार्टअप को बढ़ावा



**पटना, 20 जुलाई.**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में तेजी से औद्योगिक विकास हो रहा है.बिहार अब केवल कृषि आधारित राज्य नहीं रहा, बल्कि देश का एक नया औद्योगिक केंद्र बनकर उभर रहा है.

13 करोड़ से अधिक आबादी और देश के सबसे युवा राज्य होने के कारण बिहार का कंज्यूमर मार्केट बहुत बड़ा है, और सरकार इसे और विस्तारित करने के लिए सतत प्रयास कर रही है.पहले यह धारणा थी कि बिहार में बड़े पैमाने पर निवेश संभव नहीं है, लेकिन नीतीश सरकार की स्पष्ट और अनुकूल औद्योगिक नीतियों की वजह से ये धारणा बदल गई है.बिहार फूड प्रोसेसिंग, कपड़ा, पर्यटन, आईटी और बायोफ्यूल्स जैसे क्षेत्रों में निवेश का पसंदीदा स्थल बन चुका है.


**CHANGE OF NAME**

I Asghar S/O, Qasam Ali R/o Makan No 187, Ward No 04, Lodhipura Burhanpur Dist Burhanpur (mp) 450331 have changed my name to Asgar Ali Motorwala.

**CHANGE OF NAME**

I Munira Bano W/O, Asgar Ali R/o Makan No-187, Ward No-04, Lodhipura Burhanpur Dist Burhanpur Mp 450331 have changed my name to Munira Motorwala.

**ट्रूकैप फाइनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय- चौथी मंजिल, ए विंग, डी.जे. हाउस, ओल्ड नगरदास रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400 069, महाराष्ट्र
GST नंबर- 27AAACD9887D1ZC
कॉर्पोरेट पहचान संख्या-L64920MH1994PLC334457

**सार्वजनिक सूचना**

यह जनता को सूचित करना है कि गिरवी रखे सोने के गहनों की नीलामी ट्रूकैप फाइनेंस लिमिटेड द्वारा 7 अगस्त 2025 को उज्जैन में 11 बजे आयोजित की जाएगी
**शाखा का पता**- ट्रूकैप फाइनेंस लिमिटेड, प्लाट ग्राउंड फ्लोर, 37, अमर सिंह मार्ग, फ्रीगंज, माधव नगर, उज्जैन, मध्यप्रदेश-456010.
नीलाम किए जाने वाले सोने के आभूषण हमारे विभिन्न ग्राहकों के ऋण खातों से संबंधित हैं, जो विफल रहे हैं उनका बकाया चुकाओ. नीलामी के हमारे नोटिस इन उधारकर्ताओं को विधिवत जारी किए गए हैं. नीलाम किए जाने वाले सोने के आभूषण हमारे विभिन्न ग्राहकों के अतिदेय ऋण खातों से संबंधित हैं, जिनका शाखा नाम के साथ नीचे उल्लेख किया गया है.
**उज्जैन ब्रांच:** GL0000000090678, GL0000000117040, GL0000000153713, GL0000000238173, GL0000000238357, GL0000000238753, GL0000000244568, GL0000000251249, GL0000000251419.
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -ट्रूकैप फाइनेंस लिमिटेड
**संपर्क व्यक्ति- विनोद म्हस्कर.**
**संपर्क नंबर- 9870424107**
ट्रूकैप फाइनेंस लिमिटेड के पास बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या बदलने और / स्थगित / नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. )
**ट्रूकैप फाइनेंस लिमिटेड**


# योगी के दिल्ली दौरे पर राय ने कसा तंज

**एक्स पोस्ट पर कहा- कुछ तो गड़बड़ है**

**अपनी पार्टी की स्थिति पर ध्यान दें : आनंद दुबे**



**लखनऊ, 20 जुलाई.उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाल के दिल्ली दौरे पर तंज कसते हुए कहा है कि कुछ तो गड़बड़ है. राय ने अपने सोशल मीडिया आकाउंट पर दो फोटो शेयर किये हैं.**

पहली तस्वीर में वह (योगी) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर रहे हैं जबकि दूसरी तस्वीर गृह मंत्री अमित शाह के साथ है.इन तस्वीरों को साझा करते हुए उन्होंने अपने अकांउट पर केवल इतना ही लिखा है,कुछ तो गड़बड़ है. मुलाकात के बारे में एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए योगी ने लिखा,नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और उनका हार्दिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ.अपना बहुमूल्य समय देने के लिए प्रधानमंत्री का हृदय से आभार.केंद्रीय मंत्री शाह के साथ उनके आवास पर हुई मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए योगी ने लिखा,नयी दिल्ली में अमित शाह जी से शिष्टाचार भेंट हुई.अपना बहुमूल्य समय देने के लिए हृदय से आभार.गौरतलब है कि आदित्यनाथ ने शनिवार देर शाम दिल्ली में मोदी,शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की थी.वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को दूसरे की बजाए अपनी पार्टी की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए.

## तूफ़ान विफा के लिए नंबर 8 सिग्नल जारी

**मकाओ, 20 जुलाई.** चीन के मकाओ विशेष प्रशासनिक क्षेत्र ने तूफ़ान विफा को देखते हुए रविवार सुबह 'तत्काल रोकथाम चरण' घोषित किया.मकाओ मौसम विज्ञान और भूभौतिकीय ब्यूरो ने उष्णकटिबंधीय चक्रवात सिग्नल नंबर 8, जारी किया जो तीसरा सबसे ऊँचा स्तर है. इसमें एक पीली तूफ़ानी लहर की चेतावनी जारी की गई.


**ट्रूकैप फाइनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय- चौथी मंजिल, ए विंग, डी.जे. हाउस, ओल्ड नगरदास रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400 069, महाराष्ट्र
GST नंबर- 27AAACD9887D1ZC
कॉर्पोरेट पहचान संख्या-L64920MH1994PLC334457

**सार्वजनिक सूचना**

यह जनता को सूचित करना है कि गिरवी रखे सोने के गहनों की नीलामी ट्रूकैप फाइनेंस लिमिटेड द्वारा 7 अगस्त 2025 को खंडवा में 11 बजे आयोजित की जाएगी.
**शाखा का पता**- ट्रूकैप फाइनेंस लिमिटेड, पहला माला, 28, अक्षय मार्केट, ब्लॉक नं. 17, प्लाट नं. 67, टाउन हॉल, नगर निगम आफिस के पीछे, खंडवा-450001.
नीलाम किए जाने वाले सोने के आभूषण हमारे विभिन्न ग्राहकों के ऋण खातों से संबंधित हैं, जो विफल रहे हैं उनका बकाया चुकाओ. नीलामी के हमारे नोटिस इन उधारकर्ताओं को विधिवत जारी किए गए हैं. नीलाम किए जाने वाले सोने के आभूषण हमारे विभिन्न ग्राहकों के अतिदेय ऋण खातों से संबंधित हैं, जिनका शाखा नाम के साथ नीचे उल्लेख किया गया है.
**बुरहानपुर ब्रांच:** GL0000000229233, GL0000000229256, GL0000000250951, GL0000000268041, GL0000000271258, GL0000000273627.
**खंडवा ब्रांच:** GL0000000250746, GL0000000251078, GL0000000257266, GL0000000257418, GL0000000257692, GL0000000262484, GL0000000306466, GL0000000315196.
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -ट्रूकैप फाइनेंस लिमिटेड
**संपर्क व्यक्ति- विनोद म्हस्कर**
**संपर्क नंबर- 9870424107**
ट्रूकैप फाइनेंस लिमिटेड के पास बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या बदलने और / स्थगित / नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.)
**ट्रूकैप फाइनेंस लिमिटेड**


## धनखड़ से स्वास्थ्य जानकारी लेने पहुँचे केजरीवाल

**नई दिल्ली, 20 जुलाई.**दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और आप के राज्यसभा में सदन के नेता संजय सिंह ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उपराष्ट्रपति भवन में मुलाकात की. उपराष्ट्रपति ने इस मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की. उन्होंने लिखा कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और आप राज्यसभा में सदन के नेता संजय सिंह ने भारत के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उपराष्ट्रपति भवन में भेंट की.केजरीवाल ने भी %एक्स% पर इस मुलाकात के बारे में पोस्ट करते हुए कहा, उपराष्ट्रपति से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने मुलाकात की. मैं ईश्वर से लंबे स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूँ. मुलाकात ऐसे समय में हुई जब 15 जुलाई को भी केजरीवाल ने दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से उनके बीमार पिता और झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का स्वास्थ्य जानने के लिए मुलाकात की थी.

## आज का इतिहास

1884 कोलकाता में भारत के पहले सार्वजनिक थियेटर की शुरुआत हुई.
1962 भारत चीन के बीच सीमा पर युद्ध.
1963 काशी विद्यापीठ को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया.
1969 अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग एवं एडविन एल्ड्रिन चन्द्रमा पर उतरे.
1972 भूटान के तीसरे राजा जिग्मे दोरजी वांग्चुक का निधन.

### इज़रायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह नेता की मौत

**यरूशलम/बेरूत.** दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह की योहमोर चौकी का प्रमुख अहमद मुहम्मद सलाह मारा गया. आईडीएफ ने कहा कि सलाह योहमोर क्षेत्र में हिजबुल्लाह की सैन्य अवसंरचना को फिर से स्थापित करने की कोशिशों में शामिल था. लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने इससे पहले कहा था कि नाबातीह जिले के योहमोर के शारबिक इलाके में एक मोटरसाइकिल पर हुए इजरायली ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई.


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड शाजापुर**
**ओल्ड कलेक्टर रोड कमला भवन, शाजापुर**
दूरभाष कार्या. (07364) 292065, मो.नं. 9827605076,
ईमेल eephedshj@mp.nic.in
निविदा विज्ञप्ति क्र. 36/2025-26/लेखा/कार्य./लोस्वायां./2025
शाजापुर, दि. 17.07.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा टेंडर फार्म सी पर आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है

| ऑनलाईन निविदा क्रमांक | निविदा विज्ञप्ति क्रमांक | अनुमानित लागत रु. लाखों में | अमानत राशि रु. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| जिला प्रयोगशाला शाजापुर में जल परीक्षण कार्य हेतु सामग्री का प्रदाय | | | | |
| 437894 | 36 | 4.06 | 8120.00 | 2000.00 |
| | | 4.06 शब्दों में चार लाख छह हजार केवल ) | 8120.00 ( शब्दों में आठ हजार एक सौ बीस केवल ) | 2000.00 शब्दों में रु. दो हजार ) |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) क्रय किये जा सकते हैं। ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 28.07.2025 सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत विवरण निवदि सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। यदि निविदा में आगे कोई संशोधन किया जाता है तो वह विभाग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।
(के.एस.डामोर)
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड, शाजापुर
G-15906/25

**कब्जे की सूचना - (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)**

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था। उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहा है, इसलिए उधारकर्ता और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से कोई लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से कोई भी लेन-देन आईआईएफएल एचएफएल के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि के साथ ब्याज के साथ है। "उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "आईआईएफएल एचएफएल" के बकाया को सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों के साथ चुका देता है, तो सुरक्षित संपत्ति "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेची या हस्तांतरित नहीं की जाएगी और सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री आकाश थापा, श्रीमती भावना थापा, (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10336025) | प्लॉट संख्या N-353, सिंगापुर ग्रीन व्यू प्रीमियम, ग्राम बिज्जूखेड़ी, तहसील सांवेर, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश-453771 के दक्षिणी भाग का पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, संपत्ति का क्षेत्रफल: 500.00, 540.00, 432.00। | रु.1684243/- (रुपये सोलह लाख चौरासी हजार दो सौ तिरतालीस मात्र) | 17/03/2025 | 17/07/2025 |
| श्री आकाश विश्वकर्मा, श्री दीपक विश्वकर्मा, श्री प्रकाश विश्वकर्मा, श्रीमती लक्ष्मीबाई विश्वकर्मा, श्रीमती प्रियंका, (प्रॉस्पेक्ट नं. 953030) | C-368, श्रेणी-ए.ह.र. सेक्टर उ, देवास, विकास प्राधिकरण मध्य प्रदेश, भारत-455001 का पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्रफल, संपत्ति का क्षेत्रफल: 345। | रु.175302/- (रुपये एक लाख पचहत्तर हजार तीन सौ दो मात्र) | 15/04/2025 | 17/07/2025 |
| श्री धनश्याम रामरतन, श्रीमती रेखा बाई, धनश्याम सेंटिंग, (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10377200) | प्लॉट संख्या 23 (पुराना-461/1), रविदास नगर, लसूड़िया मोरी, तलावली चांदा, इंदौर, मध्य प्रदेश-452001, भारत। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल: 1350.00, 111.00, 360.00। | रु. 848623/- (रुपये आठ लाख अड़तालीस हजार छह सौ तेईस मात्र) | 17/04/2025 | 17/07/2025 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें: 226 भूतल, एबी रोड, चामुंडा माता मंदिर के सामने, देवास - 455001/102/103, दर्शन मॉल, 15/2 रेसकोर्स रोड, इंदौर - 452001, मध्य प्रदेश या कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट संख्या 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा।
स्थान: इंदौर, दिनांक: 21.07.2025
एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में केपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के संग एकीकृत)
(CIN: L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस: केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन: +91 44 4564 4000, फैक्स: +91 44 4564 4022
IDFC FIRST Bank

**सार्वजनिक सूचना**
**स्वर्ण नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से उसके द्वारा प्राप्त स्वर्ण आभूषण के विरुद्ध ऋण सुविधा के लिए बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है. चूंकि उधारकर्ता सुविधा के तहत बकाया राशि चुकाने में विफल रहा है. हम **29/7/2025** को गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाध्य हैं. यदि इस नीलामी से कोई अधिशेष राशि प्राप्त होती है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और यदि नीलामी के बाद कोई घाटा होता है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को बिना किसी पूर्व सूचना के निम्नलिखित खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार है. इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी तिथि को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम | शाखा का नाम |
|---|---|---|
| 167512573 | वीरम सिंह मांगीलाल | इन्दौर नवलखा रोड |
| 167554653 | वीरम सिंह मांगीलाल | इन्दौर अन्नपूर्णा ब्रांच |

नीलामी 29/07/2025 को दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक https://idfcegold.auctiontiger.net के माध्यम से ऑनलाइन / 29/07/2025 को दोपहर 3.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक http://gold.samil.in के माध्यम से आयोजित की जाएगी. इस प्रकाशन के माध्यम से संबंधित उधारकर्ताओं को अंतिम सूचना और अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे निर्धारित नीलामी तिथि से पहले सुविधा वापस ली गई राशि, सभी ब्याज और शुल्कों के साथ चुका दें, अन्यथा आभूषण की नीलामी की जाएगी. कृपया ध्यान दें कि यदि समय सीमा के कारण नीलामी उसी दिन पूरी नहीं होती है तो बैंक अगले 7 दिनों के भीतर उन्हीं नियमों और शर्तों पर गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की फिर से नीलामी करेगा.
**दिनांक- 21/7/2025, स्थान- इन्दौर**

**शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड**
कॉर्पोरेट कार्यालय - 425, उद्योग विहार फेज- IV, गुडगांव -122015 (हरियाणा)
फोन- 0124-4212530/31/32, ईमेल: customercare@shubham.co, बेवसाईट - www.shubham.co

**मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (इसमें आगे 'अधिनियम' कहा गया है) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना**

यह आपको सूचित किया जाता है कि धरोहर ऋणकर्ता **शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कंपनी लिमिटेड** जिसका पंजीकृत कार्यालय 608, 609, छठवी मंजिल, ब्लॉक-सी अंसल एम्पेरियल टॉवर, कम्युनिटी सेन्टर, नारायणा विहार, न्यू दिल्ली-110028 (इसके पश्चात 'एसएचडीएफसीएल' के रुप में संबोधित) द्वारा आपके ऋण खाते को एनपीए के तौर पर घोषित कर चुका है एवं एसएचडीएफसीएल के आपके ऋण खाते के विरुद्ध संपूर्ण ऋण का भुगतान करने के उत्तरदायी है। आपको उपरोक्त राशि पर अनुबंध दर पर लागू भविष्य ब्याज के साथ प्रासंगिक व्यय, मूल्य, शुल्क आदि का भुगतान करने के उत्तरदायी है।
इसलिए इस सूचना के दिनांक से **60 दिवस** में एसएचडीएफसीएल को आपके संपूर्ण दायित्व का भुगतान करने के लिए आपको बुलाया जाता है असफल रहने पर एसएचडीएफसीएल को कानून की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करने में सक्षम होगी। ऋणकर्ताओं एवं धरोहर संपत्ति का विवरण नीचे दिया गया है -

| स. क्र. | ऋण खाता क्रं., ऋणकर्ता (ओं) का नाम | ऋणी का पता | मांग सूचना दिनांक एव राशि | सुरक्षित संपत्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लोन नं. 0INA2409000005090883, धनजी ठाकुर, रिंकी कुमन | मकान नं. ए-18, श्रीनाथ टाउन, भाटखेड़ी, जिला इंदौर मेन गेट के पास पिथमपुर, मध्य प्रदेश-454775 | 14-07-2025 एवं ₹ 12,52,182/- | प्लॉट नं. अ-18 का उत्तरी भाग, श्रीनाथ टाउन, ग्राम भाटखेड़ी तहसील एवं जिला इंदौर, मध्य प्रदेश 453331, **क्षेत्रफल:** 350 वर्गफीट, **चर्तु:सीमा:** पूर्व- कॉलोनी रोड, पश्चिम - मकान नं. बी-2 एवं बी-3, उत्तर - मकान नं. ए-17, दक्षिण - उसी प्लाट का शेष भाग |

स्थान : गुड़गांव
दिनांक : 19.07.2025
प्राधिकृत अधिकारी
शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड